# Previous Year Paper

# RAJASTHAN JUDICIAL MAINS EXAM 2013

**PART-A/भाग-अ**

**Marks-40**
**20x2=40**

**Note: Attempt all the 20 questions. Each question carries 02 marks. Answer should not exceed 30 words each.**

**नोट - सभी 20 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

1. Can parliament make a law which has extra territorial operation? Whether validity of such law can be questioned?
क्या संसद ऐसी विधि बना सकती है जिसका प्रवर्तन क्षेत्रातीत हो? क्या ऐसी विधि की विधिमान्यता को प्रश्नगत किया जा सकता है?

2. What are the elements of a "representative suit" under the Code of Civil Procedure, 1908?
दीवानी प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत एक प्रतिनिध्यात्मक दावे के क्या तत्व हैं?

3. A minor who was admitted to the benefits of partnership in a firm, became major. He did not give public notice of his election within the prescribed time. What will be the consequences of this failure under the Indian Partnership Act, 1932?
एक अवयस्क जिसे फर्म की भागीदारी के फायदों में सम्मिलित किया गया था, वयस्क हो जाता है। उसने विहित समय के भीतर अपने निर्वाचन की लोक सूचना नहीं दी। भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अन्तर्गत इस चूक के क्या परिणाम होंगे?

4. What is "continuous easement" under the Indian Easement Act, 1882".
भारतीय सुखाचार अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत एक "सतत् सुखाचार" क्या है?

5. What is a "limited period tenancy" under the Rajasthan Rent Control Act, 2001?
राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम, 2001 के अन्तर्गत "सीमित कालावधि की किरायेदारी" क्या है?

6. What is the purpose for which specific relief is granted under the Specific Relief Act, 1963?
वह कौनसा उद्धेश्य है जिसके लिए विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अधीन विनिर्दिष्ट अनुतोष प्रदत्त किया जाता है?

7. which are the sub-sects of the Sunni sect under Muslim Law?
मुस्लिम विधि के अन्तर्गत सुन्नी सम्प्रदाय के कौनसे उप-सम्प्रदाय हैं?

8. State briefly the law relating to exclusion of time in legal proceedings under the Limitation Act, 1963.
परिसीमा अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाहियों में समय के अपवर्जन की विधि को संक्षेप में बताईये।

9. Name the Act, enacted to provide for the delivery of certain services to the people of the State of Rajasthan by public authority within stipulated time limits and for matters connected therewith and incidental thereto.
लोक प्राधिकारी द्वारा राजस्थान राज्य की जनता को नियत समय-सीमाओं के भीतर-भीतर कतिपय सेवाएं प्रदान करने तथा उनसे सम्बद्ध और अनुषांगिक विषयों के उपबन्ध करने हेतु बनाये गये अधिनियम का नाम बताईये।

10. What does "complaint" means under the Rajasthan Right to Hearing Act, 2012?
राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम 2012 के अधीन 'परिवाद' से क्या तात्पर्य है?

11. What is composition of Panchayat Samiti under the Rajasthan Panchayati Raj Act, 1994?
राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अधीन पंचायत समिति की संरचना क्या है?

linkinglaws.com

12. To whom the power of revision and review the record of a Panchayati Raj Institution and any order passed therein as per Section 97 of the Panchayati Raj Act, 1994 is available?
किसी पंचायती राज संस्था के अभिलेख और उसमें पारित आदेश के पुनरीक्षण और पुनर्विलोकन की शक्ति पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 97 के अनुसार किसे उपलब्ध हैं?

13. What is the remedy available under the Rajasthan Municipalities Act, 2009 to challenge an order passed by District Judge on the petition presented under Section 31 of the Act aforesaid?
राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 के अन्तर्गत, जिला न्यायाधीश द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 31 में की गई याचिका में पारित आदेश को चुनौती दिये जाने हेतु क्या उपचार उपलब्ध है?

14. What does the expression "judicial matter" means under the Rajasthan Land Revenue Act, 1956?
राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत अभिव्यक्ति 'न्यायिक मामलों' से क्या तात्पर्य है?

15. Explain the maxim "Res Ipsa Loquitur".
'रेस इप्सा लॉक्यूटर' सूत्र वाक्य को समझाईये।

16. Whether second appeal can be preferred against an order passed in appeal under the Arbitration and Conciliation Act, 1996?
माध्यस्थम् एवम् सुलह अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत क्या अपील में दिए गए आदेश के विरूद्ध द्वितीय अपील की जा सकती है?

17. In the absence of the District Judge an Additional District Judge, exercising powers of the District Judge passes an interim order. What is the position of such order under the General Rules (Civil), 1986?
जिला न्यायाधीश की अनुपस्थिति में एक अपर जिला न्यायाधीश, जिला न्यायाधीश की शक्तियों के प्रयोग में एक अन्तरिम आदेश पारित करता हैं। साधारण नियम (सिविल), 1986 के अन्तर्गत ऐसे आदेश की क्या स्थिति है?

18. Which of the "abuses" are included within "domestic violence" under the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005?

घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत 'घरेलू हिंसा' में कौनसे 'दुर्व्यवहार' सम्मिलित है?

19. Mention the consequences of violation of the essential conditions under Section 5 of the Hindu Marriage Act, 1955.
हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 5 की आवश्यक शर्तों के उल्लंघन के परिणामों का उल्लेख कीजिए।

20. Examine validity of a marriage with a woman undergoing iddat.
इद्दत अवधि से गुजर रही किसी स्त्री के साथ विवाह की वैधता का परीक्षण कीजिए।

**PART-B/भाग-ब**

**Marks-30**
**10x3=30**

**<u>Note</u> : Attempt all the 10 questions. Each question carries 03 marks. Answer should not exceed 60 words each.**

**<u>नोट</u> - सभी 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

21. What is the law relating to performance of contract by joint promisors under the Indian Contract Act, 1872?
भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत संयुक्त वचनदाताओं के द्वारा संविदा के निष्पादन की क्या विधि है?

22. Explain the concept of "Precept" under the Code of Civil Procedure, 1908.
दीवानी प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत 'आज्ञापत्र' की संकल्पना को समझाईये।

23. What facilities are available under Rule 198 of the General Rules (Civil). 1986 to an indigent person under legal aid?
विधिक सहायता के अन्तर्गत एक निर्धन व्यक्ति को साधारण नियम (सिविल), 1986 के नियम 198 के अधीन क्या सुविधाएं उपलब्ध है?

24. Explain the provisions relating to recovery of possession of a specific movable and immovable property under the Specific Relief Act, 1963.

linkinglaws.com

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अधीन विनिर्दिष्ट जंगम सम्पति एवं स्थावर सम्पति के प्रत्युद्धरण के प्रावधानों का वर्णन कीजिए।

25. "Limitation extinguishes the remedy, but not the right". Explain the statement. 'परिसीमा उपचार को समाप्त करती है, परन्तु अधिकार नहीं इस कथन को समझाईये।

26. Mention the significant changes introduced in the Hindu Succession Act, 1956 by way of the Hindu Succession (Amendment) Act, 2005?
हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 द्वारा हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 में लाये गये महत्वपूर्ण बदलावों का उल्लेख कीजिए।

27. What do you understand by "cruelty by the husband" under the Dissolution of Muslim Marriage Act, 1939?
मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियम, 1939 के अन्तर्गत 'पति द्वारा क्रूरता' से आप क्या समझते हैं?

28. 'A' transfers his property to 'B' for life and thereafter to his unborn son for life. Whether transfer of property to unborn person is valid under the Transfer of Property Act, 1882? Explain with reason.
'अ' अपनी सम्पति जीवन पर्यन्त के लिए 'ब'को और उसके बाद जीवन पर्यन्त के लिए उसके अजन्मे पुत्र को अन्तरित करता है। क्या सम्पति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत अजन्मे व्यक्ति को किया गया अन्तरण वैध है? कारण सहित समझाईये।

29. A tenant has been illegally dispossessed by the landlord. Advise him about the remedy available under the Rajasthan Rent Control Act, 2001.
एक किरायेदार को भू-स्वामी द्वारा अवैध रूप से बेकब्जा कर दिया गया। उसे राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम, 2001 के अन्तर्गत उपलब्ध उपचार के सम्बन्ध में सलाह दीजिए।

30. As per Section 10 of the Rajasthan Rent Control Act, 2001, what are the rights of a landlord to recover immediate possession of a residential premises?
राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम, 2001 की धारा 10 के अधीन एक भू-स्वामी को आवासीय परिसर पर तुरन्त कब्जा पुनः प्राप्त करने हेतु क्या अधिकार प्राप्त है?

**PART-C/भाग-स**

**Marks-30**

**5x6=30**

**Note : Attempt any 05 questions. Each question carries 06 marks. Answer should not exceed 225 words each.**

**नोट - निम्न में से कोई 05 प्रश्न कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 06 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 225 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

31. State the conditions under the Constitution of India whereunder parliament has power to make laws on subjects given in the State list.
भारत के संविधान के अन्तर्गत उन परिस्थितियों को बताईये जिनमें संसद राज्य सूची के विषयों पर विधि बना सकती है।

32. State the conditions under the Transfer of Property Act, 1882 whereunder a lease stands terminated.
सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत उन परिस्थितियों को बताईये जिनमें एक पट्टे का पर्यावसान हो जाता है।

33. which are the provisions of the Indian Contract Act, 1872 whereunder "Quasi Contractual" relations are recognised?
भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के वे कौनसे उपबन्ध हैं, जिनमें "अर्द्ध-संविदात्मक सम्बन्धों को मान्यता दी गई है?

34. What are the provisions relating to compensation and monetary reliefs to the aggrieved person under the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005?
घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत पीड़ित व्यक्ति को क्षतिपूर्ति एवं आर्थिक सहायता सम्बन्धी उपबन्ध क्या हैं?

35. What are the features of an "interpleader suit"? Write a plaint for interpleader suit on imaginary facts.
'अन्तराभिवाची वाद' की क्या विशेषताएं है? काल्पनिक तथ्यों पर, अन्तराभिवाची वाद के लिए एक वाद पत्र लिखिये।

linkinglaws.com

36. A suit was instituted for damages on the basis of defamation but the plaintiff failed to prove his case. On imaginary facts write a judgment in this matter.
मानहानि के आधार पर नुकसानी के लिए एक वाद संस्थित किया गया, लेकिन वादी अपना केस साबित करने में असफल रहा। काल्पनिक तथ्यों पर इस मामले में एक निर्णय लिखिए।

**37. Write short note on any two of the following:**
(A) The concept of equality in the Constitution of India.
(B) Power of the High Courts to issue writs, directions and orders.
(C) The concept of separation of powers in the Constitution of India.
(D) The doctrine of pleasure and the concept of reasonable opportunity of hearing in the Constitution of India.
**निम्न में से किन्हीं दो पर लघु टिप्पणी लिखिए:**
(अ) भारत के संविधान में समानता की संकल्पना
(ब) रिट, निर्देश और आदेश जारी करने की उच्च न्यायालयों की शक्ति
(स) भारत के संविधान के अधीन शक्ति पृथक्करण की अवधारणा
(द) भारत के संविधान में प्रसाद पर्यन्त का सिद्धान्त और युक्तियुक्त सुनवाई के अवसर की अवधारणा

**PART-A/भाग-अ**

**Marks-40**

**20x2=40**

**Note: Attempt all the 20 questions. Each question carries 02 marks. Answer should not exceed 30 words each.**

**नोट - सभी 20 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

linkinglaws.com

1. What do you understand by "Juvenile in Conflict with Law"?

"विधि का उल्लंघन करने वाला किशोर से आप क्या समझते है?

2. What does "Court" mean under General Rules (Criminal), 1980?

साधारण नियम (दाण्डिक) 1980 के अधीन न्यायालय से क्या अभिप्राय है?

3. What does "Commercial Quantity" means in relation to Narcotic Drugs and Psychotropic Substances?

स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ के सम्बन्ध में "वाणिज्यिक मात्रा से क्या अभिप्राय है? .

4. A person on acquisition of having committed an offence under the Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989, desires to have anticipatory release on bail. Can he invoke powers vested with the Sessions Court as per Section 438 Code of Criminal Procedure?

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन कोई अपराध कारित किए जाने से आरोपित एक व्यक्ति जमानत पर अग्रिम रिहाई हेतु इच्छुक है। क्या वह व्यक्ति सेशन न्यायालय में निहित धारा 438 दण्ड प्रक्रिया संहिता की शक्तियों की सहायता ले सकता है?

5. What preventive action can be taken by law and order machinery on having reason to believe that a group of persons, not belonging to Scheduled Castes or Scheduled Tribes, may commit any offence under the scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989?

विधि और व्यवस्था तंत्र द्वारा, यह विश्वास करने का कारण होने पर, कि ऐसे व्यक्तियों का समूह जो अनूसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के नहीं है, अनूसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन अपराध कारित कर सकते है, क्या निवारक कार्यवाही की जा सकती है?

linkinglaws.com

6. What is the difference between abduction and kidnapping?

अपहरण और व्यपहरण में क्या विभेद है?

7. Discuss the law relating to power to commute the sentence.

दण्डादेश के लघुकरण की शक्ति से सम्बंधित विधि की चर्चा कीजिए।

8. What does "conclusive proof" mean in the Indian Evidence Act, 1872?

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अधीन निश्चयात्मक सबूत से क्या तात्पर्य है?

9. How a witness who is unable to speak may give his evidence?

ऐसा साक्षी जो बोलने में असमर्थ है, कैसे अपनी साक्ष्य दे सकेगा?

10. How and when a Magistrate can set aside an exparte order passed while exercising powers under Section 126 of the Code of Criminal Procedure?

दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 126 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए पारित एक पक्षीय आदेश को एक मजिस्ट्रेट द्वारा कब और कैसे अपास्त किया जा सकता है?

11. What meaning shall be given to the words and expressions used but not defined under the Probation of Offenders Act, 1958 and defined under the Code of Criminal Procedure?

ऐसे शब्दों और पदों को, जो अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 के अन्तर्गत प्रयुक्त है किन्तु परिभाषित नहीं है तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता में परिभाषित है, को क्या अर्थ दिया जायेगा?

linkinglaws.com

12. As per General Rules (Criminal), 1980 in which circumstances a police officer is required to present before the Court in uniform?

साधारण नियम (दाण्डिक) 1980 के अनुसार किन परिस्थितियों में एक पुलिस अधिकारी को न्यायालय के समक्ष वर्दी में उपस्थित होना होगा?

13. Mention the general provisions prescribed under General Rules (Criminal), 1980 in relation to the daily cause list of a Court.

साधारण नियम (दाण्डिक) 1980 में प्रावधित न्यायालय की दैनिक वादसूची से सम्बंधित सामान्य प्रावधानों का उल्लेख कीजिए।

14. Provisions of which chapters and sections of the Indian Penal Code shall apply for the purposes of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 as they apply for the purpose of the Indian Penal Code?

भारतीय दण्ड संहिता के कौनसे अध्याय और धाराओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के प्रयोजन हेतु उसी प्रकार लागू होंगे, जिस प्रकार से भारतीय दण्ड संहिता के प्रयोजन के लिए लागू होते है?

15. What does the term "shared household" means under the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012?

लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अधीन पद 'सांझी गृहस्थी का क्या अर्थ है?

16. What is "wrongful gain" as defined under the Indian Penal Code?

भारतीय दण्ड संहिता में परिभाषित "सदोष अभिलाभ क्या है?

17. A resident of crowded colony used to burn tyres, making atmosphere noxious to the health of other residents of the colony. What offence under the Indian Penal Code 1860 he is committing and what maximum punishment for that may be awarded?

एक भीड़ भरी बस्ती का निवासी टायरों को जलाकर वायुमण्डल को बस्ती के अन्य निवासियों के स्वास्थ्य के लिए अपायकर बना देता है। भारतीय दण्ड संहिता 1860 के अधीन वह क्या अपराध कारित कर रहा है और उसे अधिकतम क्या दण्ड दिया जा सकता है?

LINKING LAWS
Link the Life with Law
linkinglaws.com

18. Who is the Judicial Officer competent to give special orders, as to the distribution of business among the Judicial Magistrates posted in a District Judgeship?

एक जिला न्याय क्षेत्र में पदस्थापित न्यायिक मजिस्ट्रेटों में कार्य के वितरण के बारे में विशेष आदेश दिए जाने हेतु कौन न्यायिक अधिकारी सक्षम है?

19. Who is competent to determine the language of each Court within the State other than the High Court for the purpose of Code of Criminal Procedure, 1973?

राज्य के अन्दर उच्च न्यायालय से भिन्न प्रत्येक न्यायालय में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के प्रयोजनार्थ प्रत्येक न्यायालय की भाषा अवधारित करने हेतु कौन सक्षम है?

20. Explain the presumption as per Section 146 of the Negotiable Instruments Act, 1881 about dishonour of a cheque.

परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 146 के अनुसार चैक के अनादरण हेतु की जाने वाली उपधारणा को समझाईये।

**PART-B/भाग-ब**

**Marks-30**
**10x3-30**

**<u>Note</u> : Attempt all the 10 questions. Each question carries 03 marks. Answer should not exceed 60 words each.**

**<u>नोट</u> - सभी 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

linkinglaws.com

21. Mention the conditions in which provisions of Probation of offenders Act, 1958 can be applied to a person convicted for the offences punishable under the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985.

उन परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए जिनमें स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के अपराध के सिद्धदोष व्यक्तियों पर अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 के प्रावधान लागू किए जा सकते है?

22. What procedure is to be followed when claim of juvenility is raised before any Court?

किसी न्यायालय के समक्ष किशोर अवस्था का दावा किए जाने पर क्या प्रक्रिया अपनाई जायेगी?

23. Discuss the provisions of the Code of Criminal Procedure, 1973 in relation to grant of compensation to the persons groundlessly arrested.

निराधार गिरफ्तार करवाए गए व्यक्ति को प्रतिकर दिलाए जाने के सम्बन्ध में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के प्रावधानों की चर्चा कीजिए।

24. Explain the ingredients of the offence of "Criminal Misappropriation of Property" and distinguish it from "Criminal Breach of Trust".

"सम्पति के आपराधिक दुर्विनियोग के अपराध के संघटकों को समझाईये तथा इसका आपराधिक न्यास भंग' से विभेद कीजिए।

25. Discuss the ambit of the inquiry under Section 202 of the Code of Criminal Procedure, 1973.

दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 202 के अधीन जांच के विस्तार को समझाईये।

**26. Write short note on any two of the following: -**

(A) Police to inquire and report on suicide.

(B) Arrest by private person and procedure on such arrest.

(C) Public documents.

(D) Burden of proving fact especially within the knowledge.

**निम्न में से किन्हीं दो पर लघु टिप्पणी लिखिये।**

(अ) आत्महत्या आदि पर पुलिस जांच करना और रिपोर्ट देना

(ब) प्राईवेट व्यक्ति द्वारा गिरफ्तारी और ऐसी गिरफ्तारी पर प्रक्रिया

linkinglaws.com

(स) लोक दस्तावेजें

(द) विशेषत: ज्ञात तथ्यों को साबित करने का भार

27. For the purpose of Section 498-A of the Indian Penal Code what does "cruelty" means?

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498-क के प्रयोजन हेतु क्रूरता से क्या अभिप्राय है?

28. What is the procedure under Section 24 of the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012 for recording statement of a child?

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 24 के अधीन किसी बालक के कथन को अभिलिखित किए जाने की प्रक्रिया क्या है?

29. Write a short note on the powers of a court in relation to variation of conditions of probation under the Probation of Offenders Act, 1958.

अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 के अन्तर्गत परिवीक्षा की शर्तों में फेरफार के सम्बन्ध में न्यायालय की शक्तियों पर एक लघु टिप्पणी लिखिए।

**30. Write short note on any one of the following:-**

(A) Punishment under the Information Technology Act, 2000 for publishing or transmitting obscene or sexually explicit act in electronic form.

(B) Order that may be passed regarding juvenile by the Juvenile Justice Board.

**निम्न में से किसी एक पर लघु टिप्पणी लिखिए**

(अ) इलेक्ट्रोनिक प्रारूप में अश्लील अथवा लैंगिक सम्बन्धी स्पष्ट कृत्य का प्रकाशन करने या प्रक्षेपण करने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अधीन दण्ड

(ब) आदेश जो किशोर के बारे में किशोर न्याय बोर्ड द्वारा पारित किया जा सकेगा

linkinglaws.com

**PART-C/भाग-स**

**Marks-30**
**5x6=30**

**Note : Attempt any 05 questions. Each question carries 06 marks. Answer should not exceed 225 words each.**

**नोट - निम्न में से कोई 05 प्रश्न कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 06 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 225 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

31. Write a judgment by developing imaginary facts convicting and sentencing an accused for an offence punishable under Section 304-A of the Indian Penal Code.

    काल्पनिक तथ्यों को विकसित करते हुए भारतीय दण्ड संहिता की धारा 304-क के अधीन किसी अभियुक्त को दोषसिद्ध एवं दण्डित किए जाने का निर्णय लिखिए।

**32. Frame the charge for following :**

(A) For an offence punishable under Section 326 read with Section 149 of the Indian Penal Code.

(B) For an offence punishable under Section 307 read with Section 34 of the Indian Penal Code.

(C) For an offence punishable under Section 379 of the Indian Penal Code.

**निम्न हेतु आरोप विरचित कीजिए -**

(अ) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 326 सपठित धारा 149 में दण्डनीय अपराध हेतु

(ब) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307 सपठित धारा 34 में दण्डनीय अपराध हेतु

(स) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 379 में दण्डनीय अपराध हेतु

33. Discuss the provisions relating to Victim Compensation Scheme prescribed under Section 357-A, grant of compensation as per Section 357-B and treatment



Link the Life with Law
linkinglaws.com

of victims as per provisions of Section 357-C of the Code of Criminal Procedure, 1973.

दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 357-क में प्रावधित आहत प्रतिकर योजना, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 357-ख के अनुसार प्रतिकर दिए जाने और दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 357-ग के अनुसार पीड़ित को उपचार से सम्बंधित प्रावधानों की चर्चा कीजिए।

**34. Write short note on the following:**

(A) Procedure in case of offender failing to observe conditions of bond executed to avail benefit under Section 4 of the Probation of Offenders Act, 1958.

(B) Offences and penalties relating to theft under Part-XIV of the Electricity Act, 2013.

**निम्न पर लघु टिप्पणी लिखिए -**

(अ) अपराधी परिवीक्षा अधिनियम 1958 की धारा 4 का लाभ लेने हेतु निष्पादित बंध पत्र की शर्तों की अनुपालना में अपराधी के असफल होने की दशा में प्रक्रिया

(ब) विद्युत अधिनियम, 2013 के भाग 14 के अधीन चोरी से सम्बंधित अपराध एवं दण्ड

35. Discuss with illustrations the law where a Court may presume existence of any fact which it thinks likely to have happened in common course of natural events, human conduct and public and private business in a particular case.

न्यायालय द्वारा किसी विशिष्ट मामले के तथ्यों के बारे में प्राकृतिक घटनाओं, मानवीय आचरण तथा लोक और प्राईवेट कारोबार के सामान्य अनुकम को ध्यान में रखते हुए सम्भाव्य उपधारणा किए जाने की विधि की दृष्टांत सहित चर्चा कीजिए।

linkinglaws.com

36. A first information report has been lodged against 'A' for cheating and dishonestly inducing delivery of property. By developing your own facts pertaining to the offence referred above, write an application on behalf of 'A' to have direction for grant of bail apprehending arrest.

छल करने और बेईमानी से उत्प्रेरित कर सम्पति परिदत्त करने के लिए "अ के विरूद्ध एक प्रथम सूचना रिपोर्ट दाखिल की गई। उक्त अपराध के सम्बन्ध में अपने ही तथ्यों को विकसित करते हुए 'अ की ओर से गिरफ्तारी की आशंका पर जमानत मंजूर करने के निर्देश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।

37. Discuss the summary procedure given in the Code of Criminal Procedure for trial for giving false evidence.

मिथ्या साक्ष्य देने पर विचारण के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता में दी गई संक्षिप्त प्रक्रिया की चर्चा कीजिए।

**Note:- Attempt all the three questions. Question No.1 carries 20 marks and questions no.2 and 3 carry 15 marks each.**

Q.1 Write an essay on any one of the topics given below in about 500 words –

(A) Legal aid - an effort to extend socio-legal justice.

(B) Public interest litigation - a blessing for the disadvantageous.

(C) Advantages and disadvantages of the social networking media.

Q.2 Write an essay on any one of the topics given below in about 350 words –

(A) Open jail - a step towards social rehabilitation of a convict.

(B) The concept of separation of power in the Constitution of India.

(C) Mediation - an effective weapon to impart justice.

Q.3 Write an essay on any one of the topics given below in about 350 words –

(A) Gandhian remedies for Indian ills.

(B) Right to information – a fundamental democratic right.

(C) Day after tomorrow : impact of Global Warming.

**नोट :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या 1 हेतु 20 अंक एवं प्रश्न संख्या 2 और 3 प्रत्येक हेतु 15 अंक निर्धारित हैं।**

linkinglaws.com

**1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 600 शब्दों में एक सारगर्भित निबन्ध लिखिए -**

(क) बढ़ता महिला उत्पीड़न - सामाजिक एवं विधिक पक्ष

(ख) संविधान में 73 वां संशोधन और स्वायत शासन की परिकल्पना

(ग) न्यायपालिका की सक्रियता और लोक कल्याण

**2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 400 शब्दों में निबन्ध लिखिए –**

(क) महिला सशक्तिकरण : एक आवश्यक चुनौती

(ख) पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागृति

(ग) सुलभ न्याय - हमारी संवैधानिक आवश्यकता

(घ) विधि का शासन और त्वरित न्याय

**3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 400 शब्दों में एक निबन्ध लिखिए –**

(क) राजस्थान में पर्यटन विकास की सम्भावनाएं

(ख) राजस्थान में औद्योगिक विकास की सम्भावनाएं

(ग) राजस्थान में शैक्षणिक विकास की सम्भावनाएं

LINKING LAWS
Link the Life with Law
linkinglaws.com